SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam और Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 18/03/2019

Q1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अपने ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो जारी करते हुए कौन से मुहिम की शुरुआत की है?

क. मैं भी रक्षक

ख. मैं भी आजाद

ग. मैं भी चौकीदार

घ. मैं भी मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अपने ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो जारी करते हुए "मैं भी चौकीदार" मुहिम की शुरुआत की है. जारी के गयी विडियो में केंद्र

SarkariExam.Com

सरकार की उज्ज्वला योजना, भ्रष्टाचार पर लगाम, हाईवे निर्माण और देश की सुरक्षा मजबूत करने का जिक्र किया गया है.

Q2. एम आर कुमार को कितने वर्ष के लिए एलआईसी का निदेशक नियुक्त किया गया है?

क. 2 वर्ष

ख. 3 वर्ष

ग. 4 वर्ष

घ. 5 वर्ष

एम आर कुमार को हाल ही में 5 वर्ष के लिए एलआईसी का निदेशक नियुक्त किया गया है. वे एलआईसी में वी.के. शर्मा के सेवानिवृत्त होने के बाद एम आर कुमार को निदेशक नियुक्त किया गया है. एम आर कुमार इससे पहले पेंशन एंड ग्रुप स्कीम के ईडी रह चुके हैं.

Q3. बांग्लादेश और किस देश के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास संप्रीति हाल ही में तंगेल, बांग्लादेश में संपन्न हो गया है?

क. भारत

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. चीन

घ. श्री लंका

SarkariExam.Com

हाल ही में भारत और बांग्लादेश के बीच हुआ संयुक्त सैन्य अभ्यास संप्रीति हाल ही में तंगेल, बांग्लादेश में संपन्न हो गया है. इस संयुक्त सैन्य अभ्यास में भारत की भारतीय सेना की ओर से राजपूताना राइफल्स की 9वीं बटालियन का कंपनी ग्रुप ने भाग लिया था.

Q4. ब्रांड कंसल्टेंसी इंटरब्रांड के द्वारा जारी की गयी टॉप 40 बेस्ट इंडियन ब्रांड्स की लिस्ट कौन सा ब्रांड नंबर 1 पर रहा है?

क. रिलायंस इंडस्ट्रीज

ख. भारती एयरटेल

ग. टाटा

घ. महिंद्रा

ब्रांड कंसल्टेंसी इंटरब्रांड के द्वारा जारी की गयी टॉप 40 बेस्ट इंडियन ब्रांड्स की लिस्ट टाटा ब्रांड को पहला स्थान मिला है. इस लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज को दूसरा और भारती एयरटेल को तीसरा स्थान मिला है.

Q5. किस राज्य में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नवाचार पुरस्कार प्रदान किये है?

क. नई दिल्ली

ख. पंजाब

ग. गुजरात

घ. केरल

SarkariExam.Com

गुजरात में आयोजित नेशनल ग्रासरूट्स इनोवेशन अवार्डस में राष्ट्रपति भवन के बाहर पहली बार राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नवाचार पुरस्कार प्रदान किये है. और साथ ही 10वें द्विवार्षिक नेशनल ग्रासरूट इनोवेशन पुरस्कार प्रदान किये है.

Q6. भारतीय रिज़र्व बैंक ने किस बैंक को हाल ही में निजी बैंक घोषित किया है?

क. आईडीबीआई बैंक

ख. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ग. यस बैंक

घ. पीएनबी

भारतीय रिज़र्व बैंक ने हाल ही में आईडीबीआई बैंक को निजी बैंक घोषित किया है. क्योंकि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने आईडीबीआई बैंक का अधिग्रहण कर लिया है.

Q7. सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज _____ को हाल ही में देश का पहला लोकपाल घोषणा किया जा सकता है?

क. जस्टिस दीपक मिश्रा

ख. जस्टिस संदीप त्रिपाठी

ग. जस्टिस पिनाकी चंद्र घोष

घ. जस्टिस सुमित्रा महाजन

सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस पिनाकी चंद्र घोष को हाल ही में देश का पहला लोकपाल घोषणा किया जा सकता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष

SarkariExam.Com

सुमित्रा महाजन ने पिनाकी चंद्र घोष को देश का पहला लोकपाल तय करने के लिए सिफारिश की है.

Q8. हिंदू बिजनेस लाइन ने किसे चेंजमेकर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया है?

क. निति आयोग

ख. जीएसटी काउंसिल

ग. सुप्रीमकोर्ट

घ. रेल मंत्रालय

हिंदू बिजनेस लाइन ने हाल ही में जीएसटी काउंसिल को चेंजमेकर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया है. इस सम्मान को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री अरुण जेटली को दिया है.

Q9. दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कंज्यूमर गुड्स कंपनी _____ ने नितिन परांजपे को सीओओ नियुक्त किया है?

क. गोदरेज

ख. यूनिलीवर

ग. नेस्ले

घ. परले

SarkariExam.Com

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कंज्यूमर गुड्स कंपनी यूनिलीवर ने नितिन परांजपे को सीओओ और संजीव मेहता को यूनिलीवर के साउथ एशिया ब्रांच का प्रेजिडेंट नियुक्त किया गया है?

Q10. वर्ष 2020 में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप की मेजबानी कौन सा देश करेगा?

क. अमेरिका

ख. चीन

ग रूस

घ. भारत

अमेरिका के मियामी में फीफा काउंसिल ने फैसला करते हुए कहा है की वर्ष 2020 में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत करेगा. फीफा का यह यह दूसरा टूर्नामेंट जो की वर्ष 2020 में भारत में होगा.

Q11. नरेंद्र मोदी सरकार ने हाल ही में आम उपयोग होने वाली कितनी वस्तुओं पर जीएसटी घटा दिया है?

क. 25 वस्तुओं

ख. 27 वस्तुओं

ग. 33 वस्तुओं

घ. 35 वस्तुओं

SarkariExam.Com

नरेंद्र मोदी सरकार ने हाल ही में आम उपयोग होने वाली 33 वस्तुओं पर जीएसटी घटा दिया है जिसमे टीवी, टायर, सिनेमा के टिकट सहित वस्तुए शामिल है.

Q12. निम्न में से कौन एनबीएस चैनल में लेट नाइट शो होस्ट करने वाली भारतीय मूल की पहली महिला बनेंगी?

क. सुमन सिंह

ख. लिली सिंह

ग. शिल्पा देवी

घ. कटरीना कैफ

यूट्यूब स्टार और कॉमेडियन लिली सिंह अमेरिका के एनबीएस चैनल में लेट नाइट शो होस्ट करने वाली भारतीय मूल की पहली महिला बनेंगी. ३० वर्षीय लिली का शो 'अ लिटिल लेट विद लिली सिंह' वर्ष सितंबर 2019 में टेलिकास्ट होगा

Q13. युएनईपी ने वैश्विक पर्यावरण आउटलुक रिपोर्ट का कौन सा संस्करण जारी किया है?

क. तीसरा

ख. चौथा

ग. पांचवा

घ. छठा

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने वैश्विक पर्यावरण आउटलुक रिपोर्ट का छठा संस्करण जारी किया है. इस रिपोर्ट के मुताबिक, मानव जनित प्रदूषण और

SarkariExam.Com

पर्यावरणीय क्षति विश्व भर में होने वाले 1/4 आकस्मिक निधन और बीमारियों का कारण है

Q14. हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार लीलाधर जगूड़ी को किस काव्य संग्रह के लिए व्यास सम्मान दिया जाएगा?

क. जितने लोग उतने प्रेम

ख. प्रेम के साथ रहना

ग. प्रेम ही जीवन है

ख. जितना प्रेम उतना जीवन

हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार लीलाधर जगूड़ी को "जितने लोग उतने प्रेम" काव्य संग्रह के लिए व्यास सम्मान दिया जाएगा. यह सम्मान हर वर्ष भारतीय भाषाओं के लेखक और कवि को दिया जाता है.

Q15. ब्रिटिश फर्म ग्रेविटी इंडस्ट्रीज ने कितने किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ने वाला दुनिया का पहला जेट सूट बनाया है?

क. 25 किलोमीटर प्रति घंटे

ख. 42 किलोमीटर प्रति घंटे

ग. 89 किलोमीटर प्रति घंटे

घ. 95 किलोमीटर प्रति घंटे

ब्रिटिश फर्म ग्रेविटी इंडस्ट्रीज ने दुनिया का पहला जेट सूट बनाया है जिससे पहन कर 89 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ा जा सकता है यह सूट एक बार में

SarkariExam.Com

8 मिनट तक उड़ सकता है और हाथों में लगी 5 गैस टर्बाइन की मदद से काम करता है.

Q16. मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन _____ के नेतृत्व में पूरी चयन समिति ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है?

क. ज़हीर खान

ख. अजीत अगरकर

ग. सुनील नारायण

घ. आशीष नेहरा

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन अजीत अगरकर के नेतृत्व में पूरी चयन समिति ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. घरेलू सीजन 2018-19 के समाप्त होने के बाद निलेश कुलकर्णी, सुनील मोरे और रवि थक्कर सहित पूरी चयन समिति ने अपने पद से इस्तीफा दिया है.

Q17. भारत और किस देश के बीच सीबीसी रिपोर्ट के आदान-प्रदान के लिए द्विपक्षीय समझौता हुआ है?

क. चीन

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. अमेरिका

घ. श्री लंका

SarkariExam.Com

भारत और अमेरिका के बीच सीबीसी रिपोर्ट के आदान-प्रदान के लिए द्विपक्षीय समझौता हुआ है इस समझोते से अमेरिका को भारत में अपने अन्तर्राष्ट्रीय समूहों की सीबीसी रिपोर्ट स्थानीय रूप से दाखिल करने की जरूरत नहीं होगी.

Q18. दक्षिण अफ्रीका के किस ऑलराउंडर ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है?

क. जेपी डुमिनी

ख. डेविड मिलेर

ग. कोरी एंडरसन

घ. डेविड वार्नर

इंग्लैंड में होने वाले विश्व कप के बाद दक्षिण अफ्रीका ऑलराउंडर जेपी डुमिनी ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है. वे वर्ष 2017 में टेस्ट और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर चुके है. जेपी डुमिनी ने वर्ष 2004 में श्रीलंका के खिलाफ अपना डेब्यू किया था.

Q19. भारत और किस देश के बीच हाल ही में विभिन्न बिन्दुओं और अनेक पहलुओं पर पहली बैठक हुई है?

क. ऑस्ट्रेलिया

ख. जापान

ग. चीन

घ. पाकिस्तान

SarkariExam.Com

भारत और पाकिस्तान के बीच पहली बार हाल ही में विभिन्न बिन्दुओं और अनेक पहलुओं पर पहली बैठक हुई है. इस बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच रचनात्मक वार्ता हुई तथा दोनों देशों ने करतारपुर कॉरिडोर शुरु करने पर वार्ता हुई.

Q20. भारत और किस देश ने मिलकर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस और रक्षा सहयोग के अलावा यूएवी बनाने वाले प्रोजेक्ट पर कार्य करने की घोषणा की है?

क. चीन

ख. अमेरिका

ग. रूस

घ. बांग्लादेश

भारत और अमेरिका ने हाल ही में संयुक्त रूप से एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस और रक्षा सहयोग के अलावा अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी) बनाने वाले प्रोजेक्ट पर कार्य करने की घोषणा की है. इन प्रोजेक्ट का उद्देश्य छोटे हथियारों की नई तकनीक पर काम करना है.

SarkariExam.Com